अमर उजाला

बरेली
मंगलवार, 29 सितंबर 2020

PAGE NO.10 : RIGHT BOTTOM

एकेटीयू : नए सत्र में 33 कॉलेजों में इमर्जिंग एरिया के शुरू होंगे कोर्स

लखनऊ (अक्षय कुमार)। बीटेक की डिग्री हाथ में होने के बाद भी रोजगार के लिए भटकने वाले युवाओं को सीधे रोजगार परक शिक्षा से जोड़ने और उनको खुद के पैरों पर खड़ा करने की कवायद तेज हो गई है। पिछले कुछ वर्षों से खराब स्थित झेल रही इंजीनियरिंग की पढ़ाई को अब रोजगार से जोड़ने का काम तेज हुआ है। ऑल इंडिया काउंसिल फॉर टेक्निकल एजुकेशन (एआईसीटीई) की सख्ती के बाद डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम टेक्निकल यूनिवर्सिटी (एकेटीयू) के 33 कॉलेज नए सत्र 2020-21 से इमर्जिंग एरिया के कोर्स या ब्रांच शुरू करेंगे।